लखनऊ में शुरू होगी देश की पहली नाइट सफारी

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राजधानी लखनऊ में देश की पहली नाइट सफारी शुरू करने के उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- इस बारे में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिंगापुर की विश्व की पहली नाईट सफारी की तर्ज़ पर 2027.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले कुकरैल वन क्षेत्र में 350 एकड़ में नाईट सफारी विकसित की जाएगी और 150 एकड़ में प्राणि उद्यान बनाया जाएगा।
- यह नाइट सफारी बिल्कुल सिंगापुर की तर्ज़ पर विकसित होगी, जहाँ टाइगर, तेंदुआ और भालू के लिये अलग-अलग सफारी बनाई जाएंगी। लखनऊ के ऐतिहासिक नवाब वाज़िद अली शाह प्राणि उद्यान को वर्तमान जगह से हटाकर नाइट सफारी में शिफ्ट किया जाएगा। कुकरैल नदी को खूबसूरत रिवरफ्रंट के रूप में विकसित किया जाएगा। नाइट सफारी में टॉय ट्रेन भी चलाई जाएगी।
- गौरतलब है कि देश की यह पहली नाइट सफारी होगी। वर्तमान में देश में 13 ओपन डे सफारी हैं, लेकिन एक भी नाइट सफारी नहीं है।
- नाइट सफारी का प्रवेश द्वार भव्य एवं आकर्षक होगा। यहाँ व्याख्या केंद्र, बटरफ्लाई इंटरप्रटिशन सेंटर भी बनाया जाएगा। इसके अलावा 75 एकड़ में तेंदुआ सफारी, 60 एकड़ में भालू सफारी और 75 एकड़ में टाइगर सफारी बनाने की योजना है।
- वन्य जीव बाड़े में न रखकर खुले आकाश में केटल ग्रिड में रखे जाएंगे। यहाँ एक ओपन एयर निशाचर चिड़ियाघर होगा, जो केवल रात में खुलेगा। सफारी में रात में जानवरों के लिये चंद्रमा की रोशनी की तरह मंद प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। दिन में पर्यटकों के लिये आधुनिक थीम पार्क बनाया जाएगा।
- विश्वस्तरीय सुविधाओं के तहत नाइट सफारी में स्थानीय गाइड के साथ ट्रेन की सवारी और जीप की सवारी भी की जा सकेगी। इसके अलावा कैनोपी वाक, कैंपिंग गतिविधि, माउंटेन बाइक ट्रैक, दीवार पर्वतारोहण, ट्री टॉप रेस्टोरेंट, नेचर ट्रेल और फूड कोर्ट आदि सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-first-night-safari-to-begin-in-lucknow